
Hindu God Wallpaper.com
KUSHMANDA
SKANDA MATA
CHANDRAGHANTA
KAATYAAYANI
BRAHAMCHARINI
KAALRATRI
SHAILPUTRI
MAHAGAURI
www.HinduGodWallpaper.com



# अवध विहान

# अवध–विहान

## संरक्षक

**मा. यतीन्द्र शर्मा जी**
अ.भा. सहसंगठन मंत्री
विद्या भारती

## मार्गदर्शक मण्डल

**मा. हेमचन्द्र जी**
क्षेत्रीय संगठन मंत्री
विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र

**मा. हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव जी**
अध्यक्ष
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. डॉ. महेन्द्र कुमार जी**
मंत्री
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. रामजी सिंह जी**
प्रदेश निरीक्षक
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. सुरेश कुमार सिंह जी**
सम्भाग निरीक्षक (सीतापुर सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. अवरीश कुमार जी**
सम्भाग निरीक्षक (साकेत सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

## सम्पादक मण्डल

### प्रधान सम्पादक

**डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह**
प्रान्त प्रचार प्रमुख, भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

### सहसम्पादक

**श्रीमती निधि द्विवेदी**
प्रधानाचार्य
स.बा.वि.म..इ.का., सरस्वती नगर
रायबरेली

**श्रीमती शिप्रा बाजपेई**
प्रधानाचार्य
स.ध.स.वि.बा.इ.का.
लखीमपुर–खीरी

### विशेष सहयोग

**जितेन्द्र पाण्डेय**
प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख
अवध प्रान्त

# सम्पादक की कलम से –



बहुत वर्षों पहले पुराण, वेदों, महाकाव्य, गीता और उपनिषदों में जो भी दिया गया है जो भी लिखा है, वह लिखने वालों के अपने अनुभव हैं। उन्होंने अपने जीवन से जो सीखा है वह संचार के विभिन्न माध्यम नाटक, कहानी, मंत्र, कविता द्वारा समाज के पास पहुंचाया है। उन्होंने कोई भाषण नहीं लिखा है, बल्कि समाज की समझ में आने वाला विचार लिखा, जिसने पूरी दुनिया को एक नई दिशा दिखाई और यह सब दिमाग से नहीं बलिक दिल से लिखा गया है। प्रत्येक व्यक्ति यदि जिज्ञासु है तो प्रत्येक दिन सुबह जब उठता है तो कुछ सीखना चाहता है। विद्यालय आने वाला आचार्य बच्चों से और बच्चे आचार्य से सीखते हैं। यह जज्बा प्रत्येक व्यक्ति के अंदर होना चाहिए। आज दुनिया में हर व्यक्ति अपने में व्यस्त है, परंतु दुनिया को सिखाने वाला आचार्य यदि अपने में व्यस्त रहेगा तो शिक्षित समाज कैसे तैयार होगा, क्योंकि गुरु अपने लिए नहीं दूसरों के लिए जीते हैं इसलिए समाज हमारी तरफ देखता है और हमारी नजर में समाज पहली प्राथमिकता पर आना चाहिए। समाज को पहचानने के लिए पहले स्वयं को पहचानना चाहिए और इसके लिए आपको खुद का शिक्षक बनना पड़ेगा। जब आप स्वयं का शिक्षक बनते हैं तो आप अपने अच्छे और बुरे दोनों गुणों को जानते हैं यदि आपको सम्मान पाना है तो दूसरों को सम्मान देना पड़ेगा। आपका छात्र आपको एक दोस्त समझे और आपसे अपनी सभी बातों को साझा करें। ऐसा तभी हो सकता है जब दोनों एक दूसरे के दिल को जीत ले।

दोस्त को दोस्त का इशारा याद रहता है
हर दोस्त को अपना दोस्ताना याद रहता है
कुछ पल एक सच्चे दोस्त के साथ तो गुजारो
वह अफसाना मौत तक याद रहता है



**डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह**
**प्रधान सम्पादक**
**पं0 दीनदयाल उपाध्याय स.वि.म.इ.का.**
**लखीमपुर–खीरी**

# लखनऊ संकुल



## प्रतिपदा तिथि का कार्यक्रम मनाया गया



सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर निराला नगर,लखनऊ के विद्यालय में अमृत विशाल कक्ष में हनुमान चालीसा एवं मां सरस्वती की वंदना के पश्चात भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2081 का चैत्र महीने के शुक्लपक्ष की प्रतिपदा तिथि का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के महत्व को अपने विद्यालय के आचार्य श्रीमान अनुज जी ने सभी भैया बहनो को बताया, कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य माननीय श्री राम तीर्थ वर्मा जी ने भारतीय नूतन वर्ष के उपलक्ष्य में अपना सारगर्भित उद्बोधन भैया बहनों को बड़े ही अच्छे ढंग से बताया तथा नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर सभी आचार्य एवम आचार्या बहने एवं सभी भैया बहने उपस्थित रहे।

## प्रान्तीय एडीटर ने दिया आशीर्वाद



प्रांतीय एडीटर श्री विशाल सिंह चौहान ने वंदना सभा में प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार सिंह जी के साथ मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर वंदना की । मंच संचालन कर रहे वरिष्ठ आचार्य श्री आशीष अग्रवाल के आग्रह पर प्रधानाचार्य जी ने मुख्यातिथि जी का स्वागत अंगवस्त्र और रामलला की प्रतिमा भेंट कर,






किया । मुख्य अतिथि जी ने विद्यालय आने से पूर्व अपने माता पिता के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त कर आने का आग्रह किया । उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता पिता और गुरु का सम्मान करने वाले का कभी सिर नही झुकेगा। यदि आप बैठना, चलना और बोलना अपने जीवन में उतार लेते हैं तो आपको कभी असफलता नही मिलेगी । आपने एकाग्रता को अपना लिया तो सफलता आपके कदम चूमेगी। शिशु मंदिर और विद्या मंदिर में पढ़े भईया–बहन आज दुनिया के 67 देशों में उच्च पदों पर आसीन हैं । आप माता जी और पिता जी का संबोधन करें तो बहुत अच्छा लगेगा ।

## परीक्षाफल वितरण समारोह सम्पन्न




सरस्वती विद्या मंदिर निराला नगर लखनऊ के विशाल सभागार में कक्षा षष्ठ से द्वादश तक के भैया बहनो का मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित हुआ जिसमें माननीय प्रबंधक डा. शैलेन्द्र जी,कोषाध्यक्ष श्री अमित अग्रवाल जी,मुख्य अतिथि डा. सँजय मेहरोत्रा जी,श्री सुदर्शन कटियार जी एवं प्रधानचार्य श्री रामतीर्थ वर्मा जी उपस्थित रहे तथा सभी अतिथियों ने दीप जलाकर एवं सरस्वती वन्दना द्वारा कार्यक्रम का सुभारम्भ किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भैया बहनो को माननीय अतिथियों द्वारा पुरस्कृत करके किया गया।कक्षाचार्यो द्वारा भैया बहनो का वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया, अधिकांश भैया –बहनो ने ससम्मान परीक्षा उत्तीर्ण की,परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा,सभी अतिथियों ने भैया एवं बहनों को आशीर्वाद के साथ और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाये दीं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य एवम आचार्या बहनें उपस्थित रहे।

# अयोध्या संकुल

## सेवानिवृत्त आचार्य जी का सम्मान किया गया



अयोध्या, सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर अयोध्या में सेवानिवृत्त आचार्या बहन जी श्रीमती इंदु सिंह तथा स्थानांतरित प्रधानाचार्य श्री बृजेश नारायण सिंह जी का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का आशीर्वचन तथा सम्मानित बंधुओं ने अपना अनुभव साझा किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मंगली प्रसाद तिवारी जी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री गिरधारी चावला जी,, प्रबंधक श्री आर. के. सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संचालक प्रो. डॉ. श्री विक्रमा प्रसाद पाण्डेय,, महानगर प्रचारक श्री सुबंधु जी तथा विद्या भारती के क्षेत्रीय सेवा संयोजक योगेश जी संस्कृति बोध परियोजना के श्री राजकुमार सिंह जी संकुल प्रमुख श्री अवनि कुमार शुक्ल,, संकुल के अनेक वर्तमान तथा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य तथा विद्यालय का आचार्य परिवार व अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।







# नवीन सत्र के अवसर पर सुन्दरकांड का पाठ किया गया

विद्या भारती विद्यालय शिवलाल शर्मा सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर तुलसी नगर अयोध्या में नवीन सत्रारंभ के उपलक्ष्य में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री ऋषभ नारायण बाजपेई जी ने सभी भैया बहनों का स्वागत रोली चंदन व पुष्प वर्षा से की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य/आचार्या श्रीमती ममता पांडेय, श्री विनीत कुमार मिश्र, श्रीमती प्रियंका त्रिपाठी, प्रिया सिंह, कविता मिश्रा, श्रीमती शशि बाला तिवारी, नेहा पांडेय जी, अर्जुन जी,सुधीर जी,अंकिता यादव, ज्योतिष जी और सर्वानंद मिश्र ने अपना सराहनीय योगदान दिया ।










# श्री रामजी का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया





शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज तुलसीनगर में रामनवमी/कन्यापूजन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनि कुमार शुक्ल तथा डॉ अतुल तिवारी एवं डॉ सुनील कुमार कश्यप (मेवो हॉस्पिटल) बाराबंकी द्वारा मां सरस्वती, मां दुर्गा तथा भगवान राम जी के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की बहनों द्वारा दुर्गा स्तुति तथा भजन, कीर्तन के माध्यम से सबके कल्याण हेतु प्रार्थना की गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वासंतिक नवरात्र के आठवें दिन महागौरी का दर्शन पूजन उपासना की जाती है। मां भगवती का यह शक्ति विग्रह भक्तों को अमोघ फल देता है। भविष्य में पापदृसंताप, निर्धनता, दीनता और दुख उसके पास नहीं आते है। साथ ही उन्होंने कहा कि भगवान रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से चिर प्रतीक्षित साधना पूर्ण होने के साथ ही राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम भव्य उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन से पूर्व नव कन्याओं का पूजन आचार्य बंधुओं के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रणजीत सिंह (महानगर सेवा प्रमुख), ऋषभ नारायण बाजपेई (प्रधानाचार्य) शिशु मंदिर,लल्ला सिंह, परमात्मादीन, मुकेश कुमार तिवारी, रामजी मिश्र,उत्तम कुमार पांडेय ,अरविंद कुमार, ज्योति तिवारी,कृष्णानंद, राम उजागर, घनश्याम सिंह, शुभम, दिनेश तथा रामकिशोर सहित विद्यालय के सभी भैया–बहन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी विद्यालय की प्रचार प्रमुख सीमा पांडे ने दिया।

# सीतापुर संकुल

## नववर्ष प्रतिपदा का त्योहार मनाया गया



सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां, सीतापुर के विद्यालय में मां शारदा की वंदना के पश्चात भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अपने विद्यालय के आचार्य श्रीमान हरीश जी एवं श्री  राजेश जी रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने भारतीय नव वर्ष के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन शिशु भारती प्रमुख आचार्य श्रीमान पुष्पेंद्र तिवारी जी ने किया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ संपन्न किया गया।

## बैशाखी का त्योहार मनाया गया




सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महोली सीतापुर में बैसाखी पर्व और अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम वंदना सभा में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री कर्मवीर सिंह जी किसान मोर्चा भाजपा उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। श्रीमान राजकुमार शुक्ला उप प्रधानाचार्य जी ने कार्यक्रम की भूमिका रखी और अतिथि परिचय कराया। प्रधानाचार्य  श्री स्वामीनाथ द्विवेदी ने बैसाखी पर्व और अंबेडकर जयंती पर विस्तृत प्रकाश डाला सकर्मवीर जी ने भी बैसाखी पर्व के ऊपर अपने विचार प्रस्तुत किये। श्री राजकुमार  तिवारी वरिष्ठ आचार्य ने कार्यक्रम के अंत में आभार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य व भैया बहन उपस्थित रहे।

# बहराइच संकुल

## सरस्वती विद्या मन्दिर माधवपुरी, बहराइच में मां ब्रहमचारिणी का पूर्जन अर्चन करते प्रधानाचार्य जी









# लखीमपुर संकुल



# सेवा निवृत्त आचार्य सम्मान समारोह मनाया गया

श्री तेज महेन्द्रा सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पलियाँ कलां खीरी में सेवा निवृत्त आचार्य सम्मान समारोह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमे विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री धनुषधारी जी एवं ऋषि जी को उपहार देकर सम्मान सहित सेवा निवृत्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री चाँद कुमार जैन जी, विद्यालय के प्रबंधक श्री राम बचन तिवारी जी, सह व्यवस्थापक शिवपाल जी, विद्यालय के सदस्य श्री अभिषेक शुक्ल जी एवं विद्यालय के प्रधानचार्य श्री रामप्रताप सिंह जी उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के समस्त आचार्य एवं आचार्या बहिने उपस्थित रही। इस अवसर पर विद्यालय के माननीय प्रबंधक जी अपने उदबोधन में बताया कि माननीय धनुषधारी जी के द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यो की व्याख्या नहीं कर सकते। यह सदैव हमारे हदयस्थ रहेंगे और समय–समय पर हम सभी का मार्गदर्शन करते रहेंगे। इस अवसर पर बीते हुए पलों को याद करके विद्यालय के सभी आचार्य एवं आचार्या बहिने भावुक हो गयी।

# वार्षिक परीक्षाफल वितरण सम्पन्न




अस्तल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मोहमदी खीरी में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान संदीप मेहरोत्रा (कन्हैया) चेयरमैन मोहमदी ने मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परीक्षा प्रमुख सुशील जी ने वार्षिक परीक्षाफल सार प्रस्तुत किया। कक्षा षष्ट अ में बहन सौम्या शर्मा प्रथम, नव्या द्वितीय, भैया आरांश गुप्ता तृतीय, कक्षा षष्ट ब में बहन मानवी मिश्रा प्रथम, भैया आरव सिंह द्वितीय, कृष्णा मिश्रा तृतीय, कक्षा सप्तम में हार्दिक गुप्ता प्रथम, प्रसिद्धि गुप्ता द्वितीय, सृष्टि सिंह तोमर तृतीय, कक्षा अष्टम में ईशांत शर्मा  प्रथम, युवराज सिंह तोमर द्वितीय, स्वाती बाजपेई तृतीय, कक्षा नवम में वैभव द्विवेदी प्रथम, वैष्णवी शर्मा द्वितीय, आरती मौर्या तृतीय, कक्षा एकादश में श्रेया द्विवेदी प्रथम, वर्षा गुप्ता द्वितीय, माही गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे जिन्हें पुरुस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या बहन शिवानी जी एवं गीतांजली जी ने संयुक्त रुप से किया। अतिथि महानुभाव श्रीमान अतुल रस्तोगी जी, श्रीमान नरेंद्र मेहरोत्रा जी, श्री मान गोपाल मोहन रस्तोगी जी (शिशु मन्दिर व्यवस्थापक), श्री मान गुलशन कुमार भसीन जी (व्यवस्थापक), प्रधानाचार्य श्रीमान पवन कुमार वर्मा जी समस्त आचार्य बंधु एवं आचार्या बहनो ने उपस्थित ने भैया बहनों का उत्साह वर्धन किया। अन्य भैया बहनों व अभिभावकों ने तालियों से सभी छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। मुख्य अतिथि महोदय ने भैय्या बहनों का मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्य जी ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया



विद्या भारती विद्यालय सरजू सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बेलरायां–खीरी में विद्यालय परिसर में वार्षिक परीक्षा परिणाम व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से सम्पन्न किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमान राजेश त्रिपाठी जी (मुख्य रसायनविद) सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां, कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री मान उत्तम कुमार सोनी जी, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान अजीत सिंह जी व संघ प्रचारक श्रीमान अभिषेक सावरकर जी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान अजीत सिंह जी ने मंचासीन अतिथियों का परिचय व कन्या भारती की बहिनों द्वारा अतिथियों के तिलक बैज लगाकर सम्मान किया गया।अतिथियों के स्वागत में विद्यालय की बहनों द्वारा स्वागत गीत गाया गया।सर्वप्रथम श्रीमान मुख्य अतिथि जी ने वार्षिक गृह परीक्षा सत्र 2023– 24 के परीक्षा परिणाम की घोषणा की। विद्यालय के परीक्षा प्रमुख श्रीमान रमाकांत अवस्थी जी ने वार्षिक परीक्षा वृत की घोषणा की। श्रीमान मुख्य अतिथि जी व श्रीमान प्रबंधक जी व अभिषेक जी के द्वारा प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त भैय्या/बहिनों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा षष्ठ,सप्तम,अष्टम,नवम व एकादश कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त भैय्या/ बहिनों में ब.श्वेता कुशवाहा, भै.अनुराग वर्मा,अवितांश वर्मा, ब.यशिका तोमर व भै.अर्पित वर्मा को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त विद्या भारती की कार्य योजनानुसार विभिन स्तरों जैसे विद्यालय स्तर, संकुल स्तर, प्रान्त स्तर व क्षेत्र स्तर पर विभिन्न वर्गों में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे रू– रंगोली प्रतियोगिता,कक्ष सज्जा प्रतियोगिता,सुलेख – प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, राखी प्रतियोगिता,वेश प्रतियोगिता,शत प्रतिशत उपस्थिति व वैदिक गणित प्रश्न – मंच व पत्र– वाचन, गणित–विज्ञान मेला, सांस्कृतिक प्रश्न – मंच व एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त भैय्या/बहिनों को श्रीमान अभिषेक जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। श्रीमान मुख्य अतिथि जी ने अपने उद्बोधन में भैय्या/ बहिनों को बताया कि जिन भैया/बहिनों ने अपने अथक परिश्रम और लगन से कक्षाओं में स्थान प्राप्त किया है वे सभी बधाई के पात्र हैं। जो भैय्या/बहिन किसी कारण वश इस परीक्षा परिणाम में अपना स्थान प्राप्त नहीं कर सकें हैं वे सभी निराश न हो, ऐसे भैय्या/ बहिन भी भविष्य में अपने कार्य में परिश्रम करें और पुरस्कार सूची में अपना नाम अंकित कराएं। श्रीमान उत्तम कुमार सोनी जी ने अपने उद्बोधन में समस्त भैय्या/ बहिनों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान अजीत सिंह जी ने आगामी नवीन सत्र में भैय्या/बहिनों को अपनी शत–प्रतिशत उपस्थिति हेतु आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य श्री रजनीश कुमार मिश्र जी ने किया। विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता श्री विनीत कुमार तिवारी जी ने आए हुए अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन वन्दे मातरम् गीत के साथ सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार की सहभागिता रही।

# नवीन सत्र पर भैया-बहिनों का स्वागत किया गया




विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर गोला, नवीन शिक्षा सत्र 2024..25 अद्‌भुत अलौकिक अनूठे अंदाज में प्रारम्भ हुआ। प्रातः काल विद्यालय द्वार पर रोली तिलक एवं पुष्प वर्षा के साथ भैया बहनों का स्वागत किया गया। आज के कार्यक्रम का शुभारम्भ अपनी सनातनी प्रक्रिया के अनुसार मां सरस्वती की आराधना एवं वंदना से किया गया। तत्पश्चात जय श्री राम के घोष तथा मंत्रोचार के साथ विधि विधान से रामचरितमानस के संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का प्रारम्भ हुआ। समस्त विद्यालय परिवार एवं भैया बहनों की उपस्थिति एवं उनकी सहभागिता ने कार्यक्रम को मनोरंजक बना दिया सभी ने मानस पाठ का आनंद लिया। कार्यक्रम की समाप्ति प्रसाद वितरण के साथ की गई।

# नवीन सत्र पर रामचरित मानस का पाठ किया गया



विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कालेज (यू.पी. बोर्ड) लखीमपुर में सत्र आरम्भ के अवसर पर श्रीरामचरितमानस के अखण्ड पाठ का आयोजन किया गया। जिसका प्रारम्भ दिनांक 01–04–2023 को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी ने पूजन अर्चन कर किया तत्पश्चात विद्यालय के समस्त स्टॉफ नें मिलकर बारी–बारी से पाठ का सस्वर वाचन किया। पाठ के समापन के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी, विद्यालय के समस्त आचार्य जी, कर्मचारी भैया, विद्यालय के छात्र भैया/बहनों व अभिभावकों ने मिलकर हवन पूजन किया। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य जी नें कन्या भोज का आयोजन कर कार्यक्रम का समापन किया। नवीन सत्र प्रारम्भ होने पर विद्यालय परिवार नें भैया/बहनों का स्वागत रोली चन्दन लगा कर किया। इसी अवसर पर नवागत भैया/बहनों को बाल साहित्य देवपुत्र नामक पत्रिका भी वितरित की गयी।

# नवीन सत्र का शुभारम्भ हुआ



विद्या भारती विद्यालय विद्या भारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना लखीमपुर में नवीन सत्र का शुभारंभ अखंड रामचरितमानस पाठ व हवन पूजन के साथ संपन्न हुआ। सभी आगंतुक शिशुओं का द्वार पर रोली तिलक के साथ स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मुनेंद्र दत्त शुक्ल ने वंदना स्थल पर सभी भैया,बहनों को नवीन कक्षा में आने पर स्वागत करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का समापन हवन पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# भारतीय नववर्ष का किया गया स्वागत



विद्याभारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका लखीमपुर विद्यालय में भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत्सर 2081 के प्रथम दिवस एवं चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस के उपलक्ष्य में शिशु वाटिका में वंदना सभा से पूर्व अग्निहोत्र हवन पूजन कराया गया । विद्यालय की संचालिका श्रीमती हीरा सिंह ने सभी भैया बहनों को भारतीय नव वर्ष एवं

नवरात्रि की शुभकामनाएं दी, और बताया कि आज से शिशु वाटिका में भैया बहनों द्वारा साप्ताहिक हवन पूजन कराया जाएगा, साथ में यह भी बताया यज्ञ व अग्निहोत्र ऐसा ही कर्म व अनुष्ठान है जिससे न केवल हमें अपितु दूर दूर तक लोगों सहित प्राणीमात्र को लाभ पहुंचता है। वायु व जल के दोष दूर होते हैं। हमारे कृषकों व उनके खेतों को शुद्ध पोषक अन्न का लाभ होता है। वायु में जो लाभप्रद प्राणी व कीटाणु आदि होते हैं उनको भी घृत व साकल्य के अग्नि से निकलने वाले धुएं से श्वास आदि प्रक्रिया में लाभ पहुंचता है। यज्ञ का प्रत्यक्ष लाभ तो यज्ञ करने वाले मनुष्य को पहुंचता ही है। जिस घर में मनुष्य रहता है वहां का वायु अनेक कारणों से प्रतिक्षण दूषित होता रहता है। हम श्वास में दूषित वायु को छोड़ते है जिससे वायु प्रदूषण होता है। घर में जो भोजन पकता है उससे भी वायु दूषित होता है और वह घर के सभी स्थानों में फैल जाता है। अग्निहोत्र करने से घर के भीतर का दूषित वायु बाहर निकलती और बाहर का शुद्ध वायु घर के भीतर प्रवेश करती है। यज्ञ करने से घर के वायु और उसमें अग्निहोत्र में आहूत की गई गोघृत व साकल्य की आहुतियों से वायु में गुणात्मक सुधार होता है जो श्वास लेने से हमारे फेफड़ो व शरीर के भीतरी अंगों को पुष्ट करता है। यज्ञ करने वाला मनुष्य अन्यों की तुलना में अधिक स्वस्थ रहता है, यह भी हमारा अपना अनुभव है। सभी मनुष्यों को प्रतिदिन प्रातः व सायं यज्ञ करने का विधान है। जो बन्धु नहीं कर सकते उन्हें प्रतिदिन एक बार तो यज्ञ करना ही चाहिये। यदि किसी कारण दैनिक यज्ञ न कर सकें तो साप्ताहिक यज्ञ तो अवश्य ही करना चाहिये। उसके पश्चात भैया बहिनों ने विद्यालय के बाहर अन्य समाज के आने जाने वाले लोगों को रोककर रोली चंदन, पुष्पवर्षा, प्रसाद एवं नववर्ष कार्ड देकर सभी को भारतीय नववर्ष की बधाई दी।

# नववर्ष अभिनन्दन कार्यक्रम सम्पन्न



विद्याभारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कालेज (यू.पी.बोर्ड) लखीमपुर में आज चैत्रशुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर नव वर्ष अभिनन्दन कार्यक्रम, माँ शैलपुत्री प्रकटोत्सव दिवस एवं आद्य सरसंघचालक परमपूज्य केशव बलिराम हेडगेवार जन्म दिवस मनाया गया। जिसका शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ शैलपुत्री के पूजन अर्चन के साथ किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री सर्वेन्द्र कुमार अवस्थी जी नें बताया कि कई लोग 1 जनवरी को नव वर्ष मनाते हैं यह अंग्रेजी कलेण्डर परिवर्तन का दिन है नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही मनाया जाता है क्योंकि बृह्मा जी नें सृष्टि की रचना इसी

दिन की तथा भगवान राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ तथा आज के ही दिन डॉ0 हेडगेवार जी नें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। इसके पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री राजेन्द्र प्रसाद ओझा जी नें बताया कि आज से नवरात्रि का प्रारम्भ है प्रारम्भ के सात दिन चक्रों को जाग्रत करने की साधना की जाती है, आठवें दिन शक्ति की पूजा और नौवां दिन शक्ति की सिद्धि का होता है। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी नें बताया कि आज से ही राजा विक्रमादित्य नें विक्रम संवत् का प्रारम्भ किया था। इस समय ऋतुओं और प्रकृति में परिवर्तन भी आरम्भ होता है। चैत्र पवित्र मास की नवमी तिथि को ही भगवान राम नें जन्म लिया था। इस अवसर पर बहन आस्था दीक्षित नें माँ शैलपुत्री के स्वरूप को प्रस्तुत किया तथा बहन परी, मिष्टी और अहाना नें रंगोली का निर्माण किया। वन्दना मंच से बहन दिशा, आकृति और आकांक्षा नें भजन प्रस्तुत किया। इसी अवसर पर विद्यालय के आचार्य व छात्र भैया/बहनों नें नगर में विभिन्न प्रशासनिक कार्यालयों तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर जाकर सभी को नव वर्ष कार्ड देकर नव संवत्सर की मंगलकामनायें दीं।











# माता का पूजन अर्चन किया गया



पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई बोर्ड लखीमपुर खीरी में मां कालरात्रि का पूजन वंदन व आरती का कार्यक्रम वंदना सभागार में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान जी ने मां कालरात्रि के रूप में आई बहन का पूजन किया मां कालरात्रि का माल्यार्पण करने के पश्चात प्रसाद का भोग लगाया।प्रधानाचार्य जी ने बताया कालरात्रि को शुभंकारी के नाम से भी जाना जाता है, जिसका संस्कृत में अर्थ शुभ/अच्छा करने वाला होता है, इस मान्यता के कारण कि वह हमेशा अपने भक्तों को सकारात्मक परिणाम प्रदान करती हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा एक भजन भी प्रस्तुत किया गया।





# रामनवमी के पावन पर्व पर कार्यक्रम आयोजित किया गया








विद्यालय में ''रामनवमी'' के पावन पर्व पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा सुन्दर भजन व भगवान श्री राम के जीवन चरित्र से प्रेरणा प्राप्त करने वाले भाषण प्रस्तुत किये गये। अतिथि श्रीमती विनीता त्रिपाठी, नगर कार्यवाहिका, राष्ट्र सेविका समिति, श्री राजेश दीक्षित, अध्यक्ष, इतिहास संकलन समिति, श्रीमती रुपाली शुक्ला, नगर उत्सव प्रमुख, राष्ट्र सेविका समिति एवं प्राचार्या श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी ने सभी को रामनवमी पर्व की शुभकामनायें दीं तथा अपने जीवन में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आचरण को धारण कर जीवन को सफल बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। आचार्या श्रीमती संन्ध्या पाण्डे जी ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। अष्टमी तिथि के शुभ अवसर पर जूनियर वर्ग की छात्रा बहनों हेतु कन्या भोज का आयोजन भी विद्यालय में किया गया।

# रामनवमी का कार्यक्रम मनाया गया

विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू.पी. बोर्ड), लखीमपुर खीरी में रामनवमी का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भा0ज0पा0 नगर अध्यक्ष श्री जितेन्द्र साहनी जी, विद्यालय प्रबन्ध समिति के कोषाध्यक्ष डॉ0 अजय कुमार आगा जी, श्रीमती सीमा साहनी जी, श्रीमती पूनम आगा जी व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी नें माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। आये हुए अतिथियों का सम्मान व परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी नें कराया। मुख्य अतिथि जी नें बताया कि जिस प्रकार मोतीचूर का लड्डू छोटे–छोटे कणों से मिलकर बनता है उसी प्रकार हम सभी लोगों से मिलकर देश का निर्माण होता है। नवरात्रि का त्यौहार शक्ति का प्रतीक है और एकता में शक्ति होती है अतः




हम सबको मिलकर देश के उत्थान में सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर श्रीमती सीमा साहनी जी नें बताया कि आज के दिन पर हमें अपनी बहनों की हर जगह सुरक्षा एवं बहनों के सहयोग का संकल्प लेना चाहिए। डॉ0 अजय कुमार आगा जी नें कहा कि मैंने अपने सम्पूर्ण जीवन में नौ देवियों का साक्षात स्वरूप नहीं देखा। नौ देवियों का एक साथ दर्शन और उनकी आरती इस विद्यालय प्रांगण में कर के मैं अपने आप को धन्य समझता हूँ। सभी अतिथियों व विद्यालय परिवार नें माता के नौ स्वरूपों व श्रीराम दरबार की आरती उतारी।










# वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह मनाया गया

सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इण्टर कालेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा0 इरा श्रीवास्तव, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, लखीमपुर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती के पूजन से हुआ। इसके उपरान्त विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शिप्रा बाजपेई द्वारा अतिथियों का परिचय, विद्यालय की संक्षिप्त आख्या व विद्यालय का परीक्षाफल घोषित किया गया, जो कि 97.36 प्रतिशत रहा। जूनियर वर्ग में कक्षाशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली सभी छात्रा बहनों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

| कक्षा | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|
| षष्ठ क | अवन्तिका वर्मा | प्रियांशी राज | आरना शुक्ला |
| षष्ठ ख | लक्षिका तिवारी | अनन्या वर्मा | अर्पिता यादव |
| षष्ठ ग | कृष्णा देवी | आराध्या वर्मा | प्रतीक्षा कश्यप |
| सप्तम क | आस्था पटेल | अपेक्षा शुक्ला | आराध्या शर्मा |
| सप्तम ख | कनक शुक्ला | श्रेया यादव | निष्ठा वर्मा |
| सप्तम ग | रद्धिमा राठौर | अनुष्का दीक्षित | रिया वर्मा |
| अष्टम क | अविका सिंह | पूर्णिमा तिवारी | आकांक्षा गुप्ता |
| अष्टम ख | प्रिया वर्मा | समीक्षा भारती | माही मिश्रा |
| अष्टम ग | शुचि मौर्या | राधा गुप्ता | नविका रस्तोगी |

कक्षा नवम के अंग्रेजी तथा हिन्दी माध्यम के सभी वर्गों को सामूहिक रूप से कक्षा में स्थान प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अंग्रेजी माध्यम
प्रथम : अंजली 9-A
द्वितीय : रूपांशी गौड़ 9-B
तृतीय : अदिति सिंह 9-B

हिन्दी माध्यम
प्रथम : खुशी तिवारी 9-D
द्वितीय : कोमल वर्मा 9-D
तृतीय : खुशबू देवी 9-D

एकादश में विज्ञान वर्ग, वाणिज्य वर्ग व कला वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

| कक्षा | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|
| विज्ञान वर्ग | मान्यता वर्मा | मानसी तिवारी | अतिका बंसवार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| वाणिज्य वर्ग | कोमल वर्मा | आकृति मिश्रा | राखी वर्मा |
| कला वर्ग | सौम्या रस्तोगी | आस्था शुक्ला | कसक गुप्ता |

जूनियर वर्ग में विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने हेतु कक्षा सप्तम ख की कनक शुक्ला को तथा सीनियर वर्ग में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने हेतु अंजली अवस्थी नवम क व खुशी तिवारी नवम घ को प्रबन्ध समिति द्वारा पुरस्कार के साथ ही अगले सत्र का पूर्ण पाठ्यक्रम भी प्रदान किया गया। साथ सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा बहनों के माता–पिता को ''गौरवशाली अभिभावक'' सम्मान प्रदान किया गया।

सम्पूर्ण सत्र में शत प्रतिशत उपस्थिति रहने वाली 20 छात्राओं को तथा सम्पूर्ण सत्र के 6 महीनों में शत प्रतिशत उपस्थिति रहने वाली 52 छात्राओं को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।

डा0 इरा श्रीवास्तव जी ने अपने उदबोधन में बताया कि विद्या भारती शिक्षा संस्थान आधुनिकीकरण के साथ–साथ अपनी प्राचीन गौरवशाली संस्कृति के गुण भी बालक/बालिकाओं तक पहुंचाने के लिये संकल्पित है। मुख्य अतिथि महोदया ने छात्राओं को स्वस्थ रहते हुए अपने लक्ष्य के लिये प्रयास करने को कहा। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि जी ने छात्राओं को जीवन लक्ष्य निर्धारित कर सतत प्रयास करने को कहा और बताया कि पूर्ण निष्ठा व लगन से कार्य करने पर सफलता अवश्य ही प्राप्त होगी कभी भी निराशावादी नहीं होना चाहिए। आर्य कन्या इण्टर कॉलेज, लखीमपुर–खीरी की अवकाश प्राप्त विज्ञान विषय की शिक्षिका एवं विद्यालय उपाध्यक्ष डा0 राकेश माथुर जी की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा माथुर जी द्वारा अपनी पूज्य माता जी स्व0 श्रीमती विमला माथुर जी की स्मृति में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में विज्ञान विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रगति वर्मा, अतिका बंसवार व अंशिका सिंह को 251/– रूपये की धनराशि भेंट की।

श्री राम मोहन गुप्ता जी एवं श्रीमती अर्चना गुप्ता जी द्वारा अपने पूज्य माता जी एवं पिता जी श्रीमती शान्ती देवी एवं श्री राजाराम गुप्ता जी, चावल वाले की स्मृति में विद्यालय की सर्वोत्तम छात्रा/सर्वोत्तम वक्ता/सर्वोत्तम कार्यकत्री छात्रा मेधावी दीक्षित को विशेष पुरस्कार प्रदान किया। स्व0 डा0 मुन्नू सिंह जी, अवकाश प्राप्त रीडर, युवराज दत्त महाविद्यालय एवं पूर्व उपाध्यक्ष, सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इण्टर कॉलेज द्वारा कॉमर्स विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कोमल वर्मा को 251/– रू. का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष श्रीमती रश्मि बाजपेई जी द्वारा अपने माता – पिता की स्मृति में राजमोहिनी पुरस्कार कला वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा सौम्या रस्तोगी को एवं अपने सास–श्वसुर जी की स्मृति में अनुशासित, नियमित एवं विभिन्न क्रियाकलापों में सक्रिय भागीदारी देने वाली छात्रा दर्शिका श्रीवास्तव को जयप्रभा पुरस्कार 1100/– रुपये का नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। श्रीमती ममता अग्रवाल जी, सदस्य, विद्यालय प्रबन्ध समिति द्वारा गत वर्ष कक्षा नवम व एकादश में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं कृतिका दीक्षित व प्रान्या अवस्थी को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया।

संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली विद्यालय आचार्याओं श्रीमती रेखा गुप्ता, श्रीमती जया मिश्रा, श्रीमती अनुश्री अग्रवाल, डा0 सीमा मिश्रा अभिभावकों श्रीमती संजना सैनी, श्रीमती अर्चना सिंह, श्रीमती गीता गौड़ एवं छात्रा बहनों आराध्या वर्मा व अपेक्षा शुक्ला को विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रबन्धक चन्द्र भूषण साहनी जी ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं व उनके स्वर्णिम भविष्य के निर्माण की योजना हेतु मार्गदर्शन किया। प्राचार्या महोदया ने यह सूचना दी कि नवीन सत्र हेतु कक्षा षष्ठ, सप्तम, अष्टम,(हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम) तथा नवम व एकादश (विज्ञान, वाणिज्य एवं कला वर्ग) की प्रवेश परीक्षा दि. 4 अप्रैल 2024 को आयोजित की जायेगी तथा सत्र का शुभारम्भ 01 अप्रैल 2024 को होगा। कार्यक्रम में विद्यालय उपाध्यक्ष डा0 राकेश माथुर, सह प्रबन्धक श्रीमती निरूपमा बाजपेई, कोषाध्यक्ष श्री तुषार गर्ग, सदस्य श्रीमती सीमा साहनी जी, श्रीमती ममता अग्रवाल जी, श्री अवधेश गुप्ता जी, सी.ए. अमित गुप्ता जी एवं इतिहास संकलन समिति प्रमुख श्री राजेश दीक्षित जी तथा नगर के अनेक गणमान्य नागरिक तथा छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्राओ द्वारा भजन, गीत एवं अन्य मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम का कुशल संचालन आचार्य श्री विजय शुक्ला एवं आचार्या सुश्री नेहा शर्मा द्वारा किया गया।












# रायबरेली संकुल



## वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह सम्पन्न







बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज लालगंज में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मेधावी छात्रों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र जिलापंचायत सदस्य कोआपरेटिव बैंक रायबरेली के डायरेक्टर राघवेन्द्र प्रताप सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पाण्डेय ने सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र सरस त्रिवेदी (1857/2000) एवं जूनियर वर्ग में प्रथम अभिषेक मिश्र (1370/1500) को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार छात्र आर्यन सोनी, नैतिक सिंह,श्रषभ त्रिवेदी,रूद्र प्रताप सिंह,श्रषी त्रिवेदी, वैभव त्रिवेदी, आर्यन तिवारी,उदय वर्मा, अर्पण सिंह, अनन्त त्रिवेदी को अपने कक्षा वर्ग में प्रथम, शौर्य केसरवानी,

अक्षत यादव, अभय केसरवानी,अर्नव यादव , अनन्त त्रिवेदी, अभिजीत मिश्रा,श्रेयश पाण्डेय, दीपांकर यादव, विक्रमादित्य सिंह, अमोघ मिश्र को अपने कक्षा वर्ग में द्वितीय एवं कार्तिक,अनुपम पाण्डेय, ध्रुव तिवारी, मनप्रीत यादव, अभिषेक पटेल, मयंक कुमार, सारंगधर बाजपेई, आयुष पाल, रंजन बाजपेई, आग्नेय बाजपेई ने अपनी कक्षा वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल किया। इन सभी मेधावी छात्रों को विद्यालय के सह प्रबंधक कैलाश बाजपेई, कौशलेंद्र प्रताप,पी के गुप्ता,राम प्रकाश सिंह एडवोकेट, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पाण्डेय जी द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त छात्रों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि विद्या भारती संचालित संस्थानों में शिक्षा प्राप्ति के साथ साथ जीवन में संस्कार, सदाचार, अनुशासन , राष्ट्र एवं समाज सेवा की भावना जैसे आदर्श मूल्यों को भी विकसित किया जाता है। श्री सिंह ने कहा कि छात्र ही देश का भावी नागरिक होता है। पूर्व विधि एवं न्याय मंत्री गिरीश नारायण पाण्डेय ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। छात्रों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए पूरे मनोयोग से समर्पित होना चाहिए। श्री पाण्डेय ने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति, निष्ठा एवं समर्पण व्यक्ति को जीवन में बुलंदियों की ओर ले जाता है। कैलाश बाजपेई, कौशलेंद्र प्रताप,पी के गुप्ता,राम प्रकाश सिंह एडवोकेट, प्रधानाचार्य सत्येन्द्र कुमार शुक्ल, आचार्य चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, अमरेश सिंह, सधनलाल तिवारी, सूर्य कांत मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर हस्तलिखित पत्रिका अनूभूति का विमोचन भी किया गया।कार्यक्रम का संचालन आचार्य विद्याधर मिश्र ने किया। कार्यक्रम में अनुरूद्व त्रिपाठी, मनोज अवस्थी, नीरज पाण्डेय, नीरज साहू, गोवर्धन प्रसाद, बद्रीविशाल बाजपेई, विद्या कांत त्रिवेदी, नरेंद्र मोहन शुक्ला, राजेन्द्र पाण्डेय, रमेश मिश्रा, रोहित द्विवेदी आचार्य सहित छात्र , अभिभावक शामिल रहे।









# नवीन सत्र का प्रारम्भ हुआ





स०वि० म० इण्टर कालेज उर्जाविहार ऊँचाहार ,रायबरेली मे नए सत्र की शुरुआत हुई जिसमें विद्यालय के प्रवेश द्वार पर ही भैया– बहनों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष श्री आर .पी. बाथम ,सदस्य श्री गयाप्रसाद , प्रधानाचार्य श्री बालकृष्ण सिंह , जीवनदीप सेवा समिति NTPC ऊँचाहार के सचिव श्री प्रेमशंकर श्रीवास्तव सहित विद्यालय के अभिभावक /अभिभाविकाएँ , आचार्य और आचार्या दीदियों ने ज्ञान दायिनी मा वीणापाणि का विधि विधानपूर्वक पूजन सम्पन्न कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इसके पश्चात वंदना स्थल पर सुन्दर कांड का आयोजन किया गया जिसमें सभी भैया–बहनों ने बड़े ही उत्साह ,जोश और उमंग के साथ सहभाग किया । हवन– पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया ।इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने भैया–बहनों के सर्वांगींण विकास का आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि आज के भैया– बहनों में प्रतिभा और क्षमता की कोई कमी नही है इसलिए सकारात्मक सोंच, अच्छे विद्यालयी वातावरण और मार्गदर्शन से जीवन के बड़े से बड़े लक्ष्य को पाया जा सकता है।



# विभिन्न कार्यक्रम किये गये

सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रायबरेली में दुर्गा अष्टमी एवं रामनवमी पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में सर्वप्रथम मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई। छात्राओं द्वारा नवदुर्गा का स्वरूप एवं भजन प्रस्तुत किया गया। नवदुर्गा पूजन एवं आरती के पश्चात कार्यक्रम प्रमुख श्रीमती अंजू मिश्रा जी ने छात्राओं को बताया कि श्री राम ने किस प्रकार चंडी माता की उपासना करके रावण पर विजय प्राप्त की थी, साथ ही आचार्याओं द्वारा भी मधुर भजन प्रस्तुत किए गए। प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।






# उन्नाव संकुल



# बाबा साहब सच्चे राष्ट्रभक्त थे

स0वि0म0इ0का0 गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में संविधान निर्माता टोली के प्रमुख लेखक के रूप में जाने , जाने वाले डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई । इस समय नवरात्र भी चल रहे हैं और विद्यालय में प्रतिदिन वन्दना स्थल पर माँ के नौ रूपों में से प्रत्येक रूप की पूजा अर्चना की जाती है , दुर्गा चालीसा का पाठ किया जाता है फिर विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य जी के द्वारा प्रतिदिन आरती भी की जाती है जिसमें विद्यालय के सभी आचार्य व आचार्या बहिनें व विद्यालय के भैया बहिन भी भाग लेते हैं । आज भी प्रतिदिन की तरह दुर्गा चालीसा व आरती की गई और इसके पश्चात डॉ0भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार सिंह जी ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पार्चन किया व उनके जीवन से सम्बंधित कुछ घटनाओं को भैया बहिनों के समक्ष रखा । इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ और हिन्दी के प्रवक्ता श्री शिव सिंह जी ने भी डॉ0 साहेब के बारे में बच्चों को जानकारी दी । उन्होंने बताया कि बाबा साहेब संविधान निर्माता के रूप में जाने जाते हैं किन्तु इसके साथ ही वह एक सच्चे राष्ट्रभक्त भी थे इस विषय पर उन्होंने कई संस्मरण प्रस्तुत किये । प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार सिंह जी ने भैया बहिनों से बाबा साहेब के जीवन का अनुकरण करने की बात कही व उनके आदर्शों पर चलने की बात की । इस अवसर पर विद्यालय में बाबा साहेब के जीवन वृतान्त पर एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया गया जिसमें विद्यालय में प्रथम स्थान लाने वाली बहिन रिया शर्मा , विष्णु मिश्रा द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाली बहिन मोनिका शाह को प्रतीक चिन्ह देकर प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार सिंह जी के द्वारा सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्य श्री रविशंकर श्रीवास्तव जी ने किया । संगीत की टोली में भजन व चालीसा श्री शशिकांत शर्मा जी व आरती श्रीमती रंजना दीक्षित व वन्दना जी बहिनों ने कराया ।

# बाराबंकी संकुल




## आचार्य जी का विदाई समारोह मनाया गया







विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लखपेड़ाबाग बाराबंकी में श्री श्याम जी (कार्यालय प्रमुख) की विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक श्री संतोष कुमार सिंह ने अंग वस्त्र आदि भेंट किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री रामकृष्ण तिवारी, श्री पवन कुमार तिवारी ,श्री हरिकांत तिवारी आदि आचार्यो ने अपना आशीर्वचन प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ. आर . एस. गुप्त ,विद्यालय के सदस्य श्री लालाराम चौधरी , श्री देवी शरण गुप्त एवं शिशु मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य श्री मुनीष चन्द्र श्रीवास्तव, पूर्व संभाग निरीक्षक श्री राजकुमार तिवारी जी ,पूर्व आचार्या श्रीमती आशा शुक्ला जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शैलेंद्र प्रताप सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार प्रदर्शन किया।

# हरदोई संकुल

## वर्ष प्रतिपदा का कार्यक्रम मनाया गया






सरस्वती शिशु /विद्या मन्दिर विष्णुपुरी हरदोई द्वारा विद्याभारती की संकल्पना को साकार रूप प्रदान करने के उद्देश्य से पोषित ग्राम मजरेहता, सकतापुर, विस्कुलापुरा, बहादुर आदि में आज रामनवमी कार्यक्रम हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि श्री अनिल कुमार सिंह जी ने रामदरबार के चित्र पर माल्यार्पण व दीपप्रज्ज्वलन /पुष्पार्चन कर श्रीरामस्तुति से किया गया। वरिष्ठ आचार्य श्री सुशील सिंह जी ने उपस्थित महानुभावों का परिचय कराया। प्रधानाचार्य श्रीमान विनोद कुमार सिंह जी ने अतिथि महानुभाव को पटका पहनाकर स्वागत किया।तत्पश्चात बच्चों द्वारा नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो, गीत की प्रस्तुति की गई। प्रधानाचार्य श्रीमान विनोद कुमार सिंह जी ने 500 वर्षो बाद अयोध्या में विग्रह रूप में भगवान राम के लौटने पर जो दीपावली मनाई गई। वो पूरे विश्व में देखी गई। तो सोच कर देखो जब वास्तविक में 14 वर्ष के वनवास के बाद प्रभू श्री राम के अयोध्या आने पर कितना उत्साह रहा होगा।





# वर्ष प्रतिपदा का कार्यक्रम मनाया गया





सरस्वती शिशु /विद्या मन्दिर विष्णुपुरी हरदोई में प्रातः कालीन वन्दना सभा में आचार्य श्री धर्मेन्द्र मिश्र ने भैया /बहनों को आज के दिन का महत्व समझाया तथा सभी को नव वर्ष की बहुत बहुत शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य श्रीमान विनोद कुमार सिंह जी ने सभी को नववर्ष अभिनन्दन कार्ड वितरित कराये एवं मॉ दुर्गा आप की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करे ऐसी मंगलकामना की। अवकाश के पश्चात सहायक आचार्य ललित बाजपेई जी के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, जिला संबाददाता दैनिक जागरण, डा० सी० के० गुप्ता, डा० ए०के० सिंह आदि लोगो से मिलकर शुभकामनाएं दी!!!

# बलरामपुर संकुल

## सम्मानित किया गया



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रमनापार्क बलरामपुर प्रबंध समिति के द्वारा श्री राजेन्द्र सिंह जी मोहल्ला तुलसी पार्क बलरामपुर को उनके सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ कौशल्या जी, प्रबंधक डॉक्टर सतीश सिंह जी , कोषाध्यक्ष संजय शर्मा जी, प्रधानाचार्य राम तीरथ यादव जी उपस्थित रहे। संयुक्त रूप से समिति के पदाधिकारी द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अम्बेडकर नगर संकुल

## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ




विद्या भारती विद्यालय जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर अंबेडकर नगर में आज चौत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन पर्व पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न किया गया। उक्त अवसर पर गायक अनादि उपाध्याय और रानी सिंह द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। नवरात्रि का प्रथम दिन होने के कारण देवी गीतों से परिसर भक्तिमय हो गया। तत्पश्चात मेधावी भैया– बहनों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री उदय प्रताप जी आईपीएस पूर्व डीआईजी, विशिष्ट अतिथि डॉ एसके वर्मा तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री कमला प्रसाद वर्मा पूर्व प्रधानाचार्य व सरदार पटेल स्मारक पी जी कॉलेज लारपुर के माननीय प्रबंधक जी आदि सम्मानित महानुभावो द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के प्रबंधक श्रीअंजनी कुमार वर्मा द्वारा आए हुए अतिथियों का परिचय ,स्वागत व सम्मान किया गया। विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य डॉ राजेंद्र सिंह ने परीक्षा फल सारांश व विद्यालय की गतिविधियों का वृत्त प्रस्तुत किया।अन्य वक्ताओं में आलापुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती अनीता कमल जी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री जगन्नाथ तिवारी जी, जीजीआईसी की प्रधानाचार्य श्रीमती अंजना वर्मा जी, जय बजरंग पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री दीपक चंदेल जी,जय बजरंग सरस्वती शिशु वाटिका के प्रधानाचार्य रामविलास यादव जी व अन्य सम्मानित अभिभावक बन्धुओ की उपस्थिति विशेष रूप से सराहनीय रही ।






# संभाग निरीक्षक का आशीर्वाद प्राप्त हुआ




विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर में आज नए प्रधानाचार्य श्रीमान वीरेंद्र वर्मा जी एवं श्रीमान अवरीश कुमार जी संभाग निरीक्षक साकेत संभाग का वंदना सभा में मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य, आचार्या बहने एवं भैया – बहन उपस्थित रहे।






# गोण्डा संकुल




## कार्य योजना क्यों व कैसे–मा. हेमचन्द्र जी







गोण्डा, जन शिक्षा समिति अवध प्रदेश(उ. प्र.)द्वारा प्रान्तीय वार्षिक कार्य योजना का आयोजन सरस्वती शिशु/विद्या मन्दिर इण्टर कालेज मालवीय नगर गोण्डा मे किया गया। उद्घाटन के अवसर पर माँ शारदे की वन्दना के पश्चात माननीय क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री हेमचंद्र जी ने कार्ययोजना क्यों,कैसे और किसके लिए बिन्दुओ पर व्यापक चर्चा वार्ता करते हुए कार्ययोजना को विद्यालय के पञ्च प्राणो (छात्र,पूर्व छात्र,अभिभावक,आचार्य व प्रबन्ध समिति) के सुझाव के आधार पर बालकेन्द्रित,क्रिया आधारित,समाज पोषित तथा संस्कारित कार्ययोजना निर्माण पर बैठक को सम्बोधित करते हुए सारगर्भित मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रान्त मे सेवानिवृत्त हुए और विभिन्न क्षेत्रो मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाचार्यो को अंग वस्त्र, श्रीफल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवा क्षेत्र की शिक्षा के संयोजक श्री योगेश जी, क्षेत्रीय सम्पर्क प्रमुख श्री राजेन्द्र बाबू जी, प्रांतीय सह मंत्री श्री कौशल किशोर जी, गोण्डा की जिला समिति के अध्यक्ष श्री राधेश्याम जी,क्षेत्रीय शारीरिक व खेलकूद प्रमुख श्री जगदीश कुमार सिंह,प्रदेश निरीक्षक श्री मिथिलेश कुमार अवस्थी जी,सभी सम्भाग निरीक्षक तथा कार्ययोजना बैठक के सर्व व्यवस्था प्रभारी व प्रबन्धक स.वि.म. इण्टर कालेज इटियाथोक गोण्डा श्री सुरेश नारायण पाण्डेय जी की गरिमामयी उपस्थित रही।




# डिजिटल पत्रिका

अंक–: अष्टविंशतिः पुष्प, अप्रैल 2024




# भारतीय शिक्षा समिति, उ.प्र.
## अवध प्रान्त

सरस्वती कुन्ज निरालानगर, लखनऊ